## आज–दि0 25.07.2025

# मध्यम श्रेणी को भवन निर्माण में मानचित्र से मिली राहत

**प्रदेश सरकार ने विकास उपविधि और जोनिंग रेगुलेशन तत्काल प्रभाव से किया लागू,सांस्कृतिक संकुल में हुई कार्यशाला में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अतिथियों के समक्ष की घोषणा**

अब गरीब और कम भूमि पर निर्माण करने वालों के लिए राहत और सहूलियत होने से एक नयी ऊर्जा लोगों में प्रज्वलित हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरण के नयी उपविधि लागू करने पर हरी झण्डी दे दी है। इस संबंध में एक कार्यशाला का उद्घाटन सांस्कृतिक गिरजादेवी हाल में किया गया। इसमें विस्तृत जानकारी देते हुए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि १०० वर्ग मीटर आवास और ३० मीटर व्यवसायीक मानचीत्र की अनुमति लेना आवश्यक नहीं है। कोई भी भूस्वामी एक रुपये की टोकन जमाकर विप्रा में पंजीकरण करा सकता है। इसप्रकार से इन भवनों को निर्माण के लिए आनापत्री पत्र, समय सीमा, ग्राउण्ड कवरेज, बैक कवरेज का प्रतिबंध हटा दिया गया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि अब चिकित्सक, वकील के लिए भूमि स्वामी ३० वर्ग मीटर में चैम्बर और दूकान का निर्माण करा सकता है। इसके अलावा १००० वर्ग मीटर में पेयींग गेस्ट और होमस्टेज बनाने में एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही औद्योगिक इकाईयों के मानकों में भी छूट मिलेगी। जोनिंग रेगुलेशन को भी सरल बनाया गया है। इस संबंध में नगर नियोजक प्रभात कुमार ने उपविधि २०२५ एवं रेगुलेशन-२०२५ की बारिकीयों पर विस्तार से चर्चा की। इसप्रकार से २०२५ के उपविधि में मध्यमश्रेणी के



लोगों को भवन निर्माण में राहत मिलेगी। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार की नितियों और उपनिधि में परिवर्तन के साथ विकास कार्य तेजी से होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्वावित करते हुए सरस्वती वंदना की गयी। कार्यशाला में महापौर और राज्यमंत्री के अलावा राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव, विधायक अजगरा त्रिभुवन राम, विधायक निलरतन नीलू, सदस्य विधानसभा परिषद हंसराज विश्वकर्मा, विधायक मुगलसराय समीर जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य के अलावा सदस्य विप्रा अमरिश सिंह, प्रदीप अग्रहरि और साधना वेंदाती मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन के बाद उपाध्यक्ष ने आये हुए अतिथियों को पारम्परिक शाल एवं पौधे भेट स्वरूप दिया। विप्रा सचिव ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मंत्री ने वीडीए की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने और जनता को जागरूक करने का दिया सुझाव

प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने वाराणसी के लिए तैयार की गयी वाराणसी विकास प्राधिकरण उपविधि २०२५ पर गुरुवार को संस्कृत संकुल में आयोजित कार्यशाला में कहा कि प्राचीन विरासत को संरक्षित रखते हुए ने पूरे प्रदेश में भवन निर्माण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी दिशा में यह उपविधि तैयार की गयी है ताकि भ्रष्टाचार खत्म हो और आम नागरिक को राहत मिले। श्री जायसवाल ने सुझाव दिया कि शहर भर में होल्डिंग और कैंप

### प्राचीनता और आधुनिकता का संगम बनायेगा काशी का विकास मॉडल

स्मार्ट सुविधाओं से युक्त शहर तैयार किया जायेगा। इस उपविधि में छह अन्य प्रदेशों के बाईलाज का समावेश किया गया है, जिससे एक संतुलित और व्यावहारिक नियमावली तैयार की जा सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण के कुछ सुपरवाइजर 'इंस्पेक्टर राज' जैसा भय पैदा कर आम जनता से अवैध वसूली करते हैं, जो अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगाकर लोगों को उपविधियों की जानकारी दी जाए। वाराणसी विकास प्राधिकरण के दफ्तर में हेल्पडेक्स काउंटर बनाया जाए ताकि नागरिकों को सुविधाजनक तरीके से सहायता मिल सके। साथ ही बीटेक एवं सिविल इंजीनियरिंग के युवाओं को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाए ताकि वे शहर के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने यह भी कहा कि साहित्य, कला और बनारस की सांस्कृतिक विरासत को शहर के चौराहों और पाथवे पर दर्शाया जाये।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.07.2025

# भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 सहित अन्य के सम्बन्ध में कार्यशाला संपन्न

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अध्यक्षता में उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन–2025 के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार/विधायक वाराणसी उत्तरी) रविन्द्र जायसवाल , राज्यमंत्री/स्वतंत्र प्रभार/ एम0एल0सी0 दयाशंकर मिश्रा दयालु , विधायक कैंट वाराणसी सौरभ श्रीवास्तव, विधायक अजगरा त्रिभुवन राम , विधायक सेवापुरी नील रतन नीलू, सदस्य विधान परिषद्/जिला अध्यक्ष भाजपा हंशराज विश्वकर्मा, विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल, महापौर नगर निगम अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य , सदस्य वा0वि0प्रा0 अम्बरीश सिंह भोला, सदस्य वा0वि0प्रा0 प्रदीप अग्रहरी, सदस्य वा0वि0प्रा0 साधना वेदांती उपस्थित रहीं ।सभी अतिथिगण का स्वागत तिलक व पुष्प गुच्छ देकर किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से किया गया द्य सर्वप्रथम उपाध्यक्ष



महोदय द्वारा उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन–2025 के मुख्य बिन्दुओं *यथा– 100 वर्ग मीटर आवासीय निर्माण हेतु एवं 30 वर्ग मीटर व्यावसायिक निर्माण हेतु 01 रु0 की टोकन धनराशि जमा कर पंजीकरण कराना, सम्बंधित विभाग की अनापत्ति प्रमाण–पत्र हेतु समय–सीमा निर्धारित, ग्राउंड कवरेज प्रतिबंधों की समाप्ति, एफ.ए.आर. में वृद्धि, होटल, चिकित्सा सुविधा, पेइंग गेस्ट/होम स्टे हेतु हह्ष्ट की आवश्यकता नही है, औद्योगिक इकाइयों के मानकों में छूट,जोनिंग रेगुलेशन्स को सरल बनाया गया* , से अवगत कराया गया द्य तत्पश्चात नगर नियोजक प्रभात कुमार द्वारा उपविधि–2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन–2025 के बारीकियों पर विस्तार से चर्चा किया गया द्य इसी के साथ उपस्थित अतिथिगण द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने – अपने विचार रखे गए तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार/विधायक वाराणसी उत्तरी) रविन्द्र जायसवाल द्वारा सुझाव दिया गया कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन–2025 का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु नगर अंतर्गत तकनिकी शिक्षा प्राप्त युवा की सहभागिता प्राप्त करते हुए जागरूकता अभियान/कार्यशाला का आयोजन किया जाये, जिससे उपविधि–2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन–2025 को अधिक प्रभावी बनाया जा सके । कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष द्वारा उपस्थित अतिथिगण को पारंपरिक शाल एवं पौध भेंट स्वरुप दिया गया तथा सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जागरूक एक्सप्रेश–दि0 25.07.2025

# वीडीए ने कार्यशाला आयोजित कर दी नियमों की जानकारी

जिला संवाददाता



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के अध्यक्षता में उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार/विधायक वाराणसी उत्तरी) रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री/स्वतंत्र प्रभार/ एम०एल०सी० दयाशंकर मिश्रा दयालु, विधायक कैंट वाराणसी सौरभ श्रीवास्तव, विधायक अजगरा त्रिभुवन राम, विधायक सेवापुरी नील रतन नीलू, सदस्य विधान परिषद्/जिला अध्यक्ष भाजपा हंशराज विश्वकर्मा, विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल, महापौर नगर निगम अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, सदस्य वा०वि०प्रा० अम्बरीश सिंह भोला, सदस्य वा०वि०प्रा० प्रदीप अग्रहरी, सदस्य वा०वि०प्रा० साधना वेदांती उपस्थित रही।

सभी अतिथिगण का स्वागत तिलक व पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से किया गया। सर्वप्रथम उपाध्यक्ष महोदय द्वारा उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 के मुख्य बिन्दुओं यथा- 100 वर्ग मीटर आवासीय निर्माण हेतु एवं 30 वर्ग मीटर व्यावसायिक निर्माण हेतु 01 रु० की टोकन धनराशि जमा कर पंजीकरण कराना, सम्बंधित विभाग की अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु समय-सीमा निर्धारित, ग्राउंड कवरेज प्रतिबंधों की समाप्ति, एफ.ए.आर. में वृद्धि, होटल, चिकित्सा सुविधा, पेइंग गेस्ट/होम स्टे हेतु NOC की आवश्यकता नही है, औद्योगिक इकाइयों के मानकों में छूट,जोनिंग रेगुलेशन्स को सरल बनाया गया से अवगत कराया गया। तत्पश्चात नगर नियोजक प्रभात कुमार द्वारा उपविधि-2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 के बारीकियों पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसी के साथ उपस्थित अतिथिगण द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपने-अपने विचार रखे गए तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार/विधायक वाराणसी उत्तरी) रविन्द्र जायसवाल द्वारा सुझाव दिया गया कि उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु नगर अंतर्गत तकनिकी शिक्षा (B.Tech, B.Arch एवं ITI Civil) प्राप्त युवा की सहभागिता प्राप्त करते हुए जागरूकता अभियान/कार्यशाला का आयोजन किया जाये, जिससे उपविधि-2025 एवं आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष द्वारा उपस्थित अतिथिगण को पारंपरिक शाल एवं पौध भेंट स्वरुप दिया गया तथा सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।